CHRIST KING HR. SEC. SCHOOL, KOHIMA
CLASS-8 A&B
HINDI- FIRST TERM 2020

• CHAPTER-1 मस्तक नहीं झुकाएँगे

मौखिक- ORAL

Qक. कविता में 'हम' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

उत्तर. कविता में हम शब्द का प्रयोग देशवासियों के लिए किया गया है।

Q ख. कवि ने बच्चों को किसका रखवाला कहा है?

उत्तर. कवि ने बच्चों को देश का रखवाला कहा है।

Q ग. कविता के अनुसार बच्चे किसके आगे अपना मस्तक नहीं झुकाएँगे?

उत्तर. कविता में बच्चे जुल्मी या अत्याचारी के आगे अपने मस्तक नहीं झुकाएँगे।

Q घ. इस कविता के रचियता कौन हैं?

उत्तर.श्री रामधारी सिंह दिनकर।

• लिखित – Written (Answer the following questions)

Q क. 'नवीन भारत ' से कवि का क्या तात्पर्य है?

उत्तर. स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश का पुर्न जन्म हुआ इसलिए इसे नवीन भारत कहा गया है।

Q ख. कविता में भारतीयों के तुलना किस किसके साथ की गई है?

उत्तर. भारतीयों की तुलना प्रभात की नई किरण से एवं धरती के शांति - दूत से की गई है।

Q ग. कविता में धीर, वीर, गंभीर एवं अचल किसे कहा गया है?

उत्तर. कविता में धीर, वीर, गंभीर एवं अचल भारतीयों सैनिकों को कहा गया है।

Q घ. Complete the lines of the poems- Homework

Q ङ. X

Knowledge of Grammar-

Q1. Write two synonyms of each given words-

Ans- प्रभात- सवेरा, सुबह   नवीन- नया, नवल

सुरभि- सुगंध, महक,   माँ- माता, जननी

मस्तक- सिर, सर

Q2. Homework

Q3. Separate the letters of the given words

किरण- इ+ क्+ अ + र्+ अ + ण

आलोक- आ+ ल्+ ओ + क+ अ

नवीन- न्+ अ + व्+ ई + न्+ अ

सैनिक- स्+ ऐ + इ + न्ँ+ क्+ अ

सुरभि- स्+ उ + र्+ अ + भ्+ इ

रोटियाँ- र्+ ओ + ट्+ इ + य्+ आ + ँ

Q 4. Write the plural of the given words

किरण– किरणों, रखवाला- रखवालों, सैनिक –सैनिकों, रोटी- रोटियों, प्रहरी- प्रहरियों, घास- घासों, आँख- आँखे, जुल्मी- जुल्मियो

•CHAPTER- 3 (अदभुतग्रह: पृथ्वी)

मौखिक- Oral

Q क. सौरमंडल में कितने ग्रह हैं?

उत्तर. सौरमंडल में आठ ग्रह हैं।

Q ख. पृथ्वी के अपने अक्ष पर घूमने की गति क्या कहलाता है?

उत्तर. पृथ्वी के अपने अक्ष पर घूमने की गति 'दैनिक गति' या 'घूर्णन गति' कहलाती है।

Q ग. सूर्य की परिक्रमापूरी करने में पृथ्वी को कितना समय लगता है?

उत्तर. सूर्य की परिक्रमा पूरी करने में एक वर्ष या 365 दिनों समय लगता है।

Q घ. हम दिन, रात और ऋतुओं का बोध किस प्रकार करते हैं?

उत्तर. हम दिन,रात और ऋतुओं का बोध पृथ्वी की घूर्णन गति तथा परिभ्रमणके कारण करते हैं।

लिखित- Written (Answer the following questions)

Q क. पृथ्वी सभी ग्रहों से किस प्रकारभिन्न है?

उत्तर. पृथ्वी सभी ग्रहों से भिन्न है क्योंकि केवल पृथ्वीपर ही जीवन संभव है तथा वायु,जल एवं उचित तापमान पृथ्वी पर ही है।

Q ख. परिभ्रमण किसे कहते हैं?

उत्तर- सूर्य के चारों और एक परिक्रमा पूरी करने में पृथ्वी को एक वर्ष का समय लगता है। पृथ्वी की इस गति को परिभ्रमण कहते है।

Q ग.ऋतुएँ कैसे परिवर्तित होती हैं?

उत्तर. पृथ्वी के परिभ्रमण तथा सूर्य के सापेक्ष स्थिति के कारण

ऋतुएँ परिवर्तित होती हैं। हमारी पृथ्वी सदैव उत्तरी या दक्षिणी छोर से सूर्य की ओर झुकी रहती है। जिस भाग में सूर्य निकट होता है वहां गर्मी होती है। जबकि पृथ्वी का जो भाग सूर्य से दूर होता है वहां शीत ऋतु होती है।

Q घ. पतझड़ किसे कहते हैं?

उत्तर. जिस ऋतु में न तो अधिक गर्मी होती है औरन ही अधिक ठंड, उसे पतझड़ कहते है?

Q ङ. वसंत ऋतु कब आती है?

उत्तर.जाड़े के बाद एक सम ऋतु (न अधिक ठंड नअधिक गरम) आ जाती है उसे वसंत ऋतु कहते है।

• Knowledge of Grammar-

Q1. Separate the suffixes of the given words-

तापमान- ताप+ मान   प्रकाशित- प्रकाश + इत

जीवित –जीव + इत   उत्तरी- उत्तर + ई

Q 2. Match the given words with their synonyms

Ans. पृथ्वी- धरा, वायु –हवा, जल –पानी, सूर्य- रवि , दिन- दिवस, रात- रात्रि, ग्रीष्म- गरमी

Q 3. X

Q 4. Make words by joining letters

ग्+ अ + त्+ इ = गति, व्+ आ+ य्+ उ = वयु

द्+ इ + न्+ अ = दिन,   छ्+ ओ+ र्+ अ= छोर

स्+ उ + र्+ य्+ अ = सूर्य, श्+ ई + त्+ अ = शीत

• **CHAPTER – 11 (** अनोखा पर्व **:** बिहू)

•मौखिक–ORAL

Qक. भारत के अधिकतर पर्व किस पर आधारित होते हैं?

उत्तर. भारत के अधिकतर पर्व कृषि पर आधारित होते हैं।

Q ख. 'बिहू' किस राज्यमें मनाया जाता है?

उत्तर. 'बिहू' असम राज्य में मनाया जाता है।

Q ग.'बोहाग बिहू ' किस ऋतु में मनाया जाता है?

उत्तर. वसंत ऋतु में मनाया जाता है।

Q घ. 'मानहु बीहू' पर उपहार देने की परंपरा क्या कहलाती है?

उत्तर. 'मानहु बिहू' पर उपहार देने की परंपरा को बिहुवान कहलाती है।

•लिखित-Written (Answer the following questions)

Q क.'बोहाग बिहू' को' रौंगाली बिहू'क्यों कहा जाता है?

उत्तर. 'बोहाग बिहू' में चारों ओर रंग- बिरंगे फूल खिलते है और उत्साह का माहौल होता है, इसलिए इसे ' रैंगाली बिहू ' भी कहा जाता है।

Q ख. बिहू लोकगीतों औरलोकनृत्यों के बारे में लिखिए?

उत्तर. रैंगाली बिहू के अवसर पर असम में सभी स्थानों पर बिहू लोकगीतों और लोकनृत्योंका आयोजन किया जाता है। बिहू नृत्य मुख्यत: युवक –युवतियों द्वारा घेरा बनाकर किया जाता है। इस गीत- संगीत में ढोल, पेपा व ताल जैसे वाद्ययंत्रोंका प्रयोग किया जाता है।

Q ग. बिहू का दूसरा पर्व कब और किस प्रकार मनाया जाता है?

उत्तर. बिहू का दूसरा पर्व असमी कैलेंडर के'काटि' अर्थात् कार्तिक मास में मनाया जाता है।इस अवसर पर किसानों द्वारा अपनी फसलों को सुरक्षित रखने के लिए ईशवर से प्रार्थना की जाती हैं। और पशुओं को चावल और नारियल से बने पकवान खिलाए जाते हैं।

Q घ. ' भोगाली बिहू' कब और क्यों मनाया जाता हैं?

उत्तर. ' भोगाली बिहू' माघ के महीने में फसलों के पकने और उनकी कटाई कि खुशी में मनाया जाता है।

Knowledge of Grammar-

Q1. Apply the appropriate punctuation marks

1Ans.भारत के अधिकतर पर्व कृषि प्रधान होते है।

2 Ans. ' बोहाग बिहू' को ' रँगाली बिहू' भी कहा जाता है।

3Ans. गीत –संगीत के कार्यक्रम में ढोल, पेपा, ताल आदि वाद्ययंत्रों का प्रयोग किया जाता है।

4Ans. ' बोहाग बिहू' को अन्य किस नाम से जाना जाता है?

5Ans. इस ऋतु में रंग बिरंगे फूल खिलते हैं।

Q 2. Underline and write the verbs in the given sentences

1 Ans. मनाया जाता है।

2 Ans. आरंभ होता है।

3 Ans. पहनते हैं।

4 Ans. पूजा की जाती है।

5 Ans. प्रार्थना करते हैं।

Q 3. Separate the letters of the given words- HOMEWORK

•CHAPTER- 15 (धन का फेर **)**

मौखिक- ORAL

Q क. मोहन क्या काम करता था?

उत्तर. मोहन व्यापार करता था।

Q ख. श्यामू और उसकी पत्नी किस प्रकार रहते थे?

उत्तर. श्यामू और उसकी पत्नी अच्छे कपड़े पहनते, अच्छा भोजन खाते और अकसर अपने मित्रों को अपने घर दावत पर बलाते रहते थे।

Q ग. उमा, श्यामू और उसकी पत्नी के बारे में क्या सोचा करती थी?

उत्तर. उमा सोचती, पता नहीं श्यामू और नीरजा इतने ठाठ से कैसे रहते हैं? मेरे पति तो श्यामू से कहीं अधिक धन कमाते हैं परंतु फिर भी हम अपनी पसंद की कोई वस्तु नहीं खरीद पाते और बचत भी कितनी मुश्किल से होती है।

Q घ. क्या देखकर उमा के आशचर्य की सीमा न रही?

उत्तर. श्यामू और नीरजा को नारियल के पत्तों से चटाई बुनते हुए देखकर उमा के आशचर्य की सीमा न रही।

Q ङ. निन्यानवे रुपये पाने के बाद श्यामू ने क्या निशचय किया?

उत्तर. निन्यानवे रुपये पाने के बाद श्यामू ने निशचय किया कि अब हमारे पास सौ रुपये है तो क्यों नहम जोड़– जोड़कर इस सौ रुपये के दो सौ रुपये बना लें।

लिखित- Written- (Answer the following questions)

Q क. मोहन और श्यामू के स्वभाव में क्या अंतर था?

उत्तर. मोहन एक- एक पैसा कंजूसी से खर्च करता और कम से कम पैसों में घर चलाता । वहीं श्यामू जितना कमाता , उतना ही खर्च कर देता।

Q ख. उमा के मान में बेचैनी और अधिक क्यों बढ़गई?

उत्तर. जब उमा को नीरजा से पूछे गए प्रशन का कोई उत्तर नहीं मिला तो उसके मनकी बेचैनी और अधिक बढ़गई क्योंकि वह समझ नहीं पाई कि इतने बेफिक्र होकर खर्च करने के बावजूद श्यामू और नीरजा कैसे इतना निशिंचत रहते हैं।

Q ग. उमा को श्यामू और नीरजा के घर में क्या परिवर्तन दिखाई दिया?

उत्तर. उनका रहन- सहन पहले जैसा नहीं रहा। अब नतो घर से पकवानों कि सुगंध आती है और न ही घर में रिश्तेदार और मित्र आते है। सारा दिन वे चटाई बुनते रहते हैं।

Q घ. नीरजाने उमा को कौन सा रहस्य बताया?

उत्तर. नीरजा ने उमा को बताया कि दो –तीन सप्ताह पहले घर लौटते हुए मेरे पति के पास केवल डेढ़ रुपये थे। लेकिन शाम को घर आते समय उन्हें घर के दरवाज़े परही पैसों से भरी एक थैली मिला। थैली में सिर्फ निन्यानवे रुपये ही थे।

Q ङ. “धन के फेर में पड़ कर मनुष्य का जीवन बदल जाता है।” कथन का भाव स्पष्ट कीजिए।

उत्तर. इस कथन का भाव है कि –पैसे के लालच में पड़कर मनुष्य अपने जीवन जीने के दृष्टिकोण में व्यापक परिवर्तन कर देता है। उसके व्यवहार और स्वभाव में आमूल–चूल परिवर्तन देखने को मिल जाता है।

• Knowledge of Grammar-

Q 1. Write the case of underline words-

1 Ans. अधिकरण, 2. करण, 3. संबंध, 4.संप्रदान

Q2. Match the given numbers with their words-

Ans. 100- सौ, 200- दो सौ, 50- पचास, 32- बत्तीस, 19- उन्नीस, 45- पैंतालीस

Q 3. Write the plural of the given words-

पड़ोसी- पड़ोसियों, सहेली- सहेलियों

पैसा- पैसे, पकवान- पकवानों

कपड़ा- कपड़े, पत्ता- पत्ते

चेष्टा- चेष्टों, चटाई- चटाइयाँ